स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय

# बिहार सरकार
## अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग

सं0–1/अनु0जा0/जनजा0पुस्तक अधि0–14–63–01/12– 14

प्रेषक,
सरकार के सचिव।

सेवा में,
महालेखाकार
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

पटना,दिनांक– 08/05/2026

विषयः–वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद से बिहार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन
जाति के छात्र/छात्राओं के लिये नये अभियत्रंण, पोलिटेकनिक, कृषि, पशु चिकित्सा, चिकित्सा
महाविद्यालयों, प्राक् परीक्षा केन्द्रों एवं चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान, पटना के अंतर्गत संचालित स्टुडेंट्स
गाईडेन्स सेंटर तथा डॉ0 अम्बेडकर कल्याण छात्रावासों में आवश्यकतानुसार पुस्तक अधिकोष की स्थापना
हेतु अनु0 जाति के लिये ₹10.00 लाख (दस लाख रू0) मात्र की राशि की स्वीकृति।

आदेश–स्वीकृत।

2–अनुसूचित जाति के लिये कुल भारित व्यय की ₹10.00 लाख (दस लाख रू0) वर्तमान वित्तीय वर्ष
2026–27 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय अन्तर्गत मांग संख्या–44 में आय व्यय मुख्य शीर्ष "2225–अनुसूचित
जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडे वर्गो और अल्पसंख्यकों का कल्याण–उपमुख्य शीर्ष–01–अनुसूचित
जातियों का कल्याण–लघु शीर्ष–277–शिक्षा–उपशीर्ष 0008–पुस्तक अधिकोष की स्थापना–विषय शीर्ष–0008.13.
01–कार्यालय व्यय विपत्र कोड सं0– 44–2225012770008 के अन्तर्गत विकलनीय है।

3– इस राशि की निकासी के लिये निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिला कल्याण पदाधिकारी
होगे। संबंधित उप विकास आयुक्त इसके नियंत्री पदाधिकारी होगें। संबंधित जिला कल्याण पदाधिकारी व्यय
विवरणी प्रत्येक माह विभाग को भेजेंगे।

4– संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी राशि की निकासी एवं व्यय आवंटनादेश तथा वित्त विभाग
द्वारा निर्गत परिपत्र सं0–2561 दिनांक–17/04/98 तथा समय–समय पर वित्त विभाग/राज्य सरकार द्वारा
निर्गत अन्य परिपत्रों में निहित निदेशों के आलोक में करेगें।

5–यह आदेश आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त कर निर्गत किया जा रहा है।

6– सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस राशि के स्वीकृति की सूचना दी जा रही है।

7– कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना दी जाय।

बिहार के राज्यपाल के आदेश से

07.05.26

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–1/अनु0जा0/जनजा0पुस्तक अधि0–14–63–01/12– 14 पटना, दिनांक–08/05/2026

प्रतिलिपि–वित्त विभाग, बजट शाखा/सभी संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ निदेशक, अनु0जाति एवं
अनु0जनजाति कल्याण विभाग/संयुक्त सचिव, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग/सभी संबंधित
जिला पदाधिकारी/ सभी संबंधित उपविकास आयुक्त/ सभी संबंधित उपनिदेशक कल्याण/सभी संबंधित जिला
कल्याण पदाधिकारी/सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यो/संबंधित निदेशक, प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र/लेखा
शाखा, अनु0जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग/सांख्यिकी कोषांग अनु0जाति एवं अनु0जनजाति कल्याण
विभाग/प्रशाखा पदा0 बजट शाखा अनु0जाति एवं अनु0जनजाति कल्याण विभाग/आई0 टी0 मैनेजर, अनु0 जाति
एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

07.05.26

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–1/अनु0जा0/जनजा0पुस्तक अधि0–14–63–01/12– 14 पटना, दिनांक–08/05/2026

प्रतिलिपि– सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

07.05.26

सरकार के सचिव।